BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI, LUDHIANA

Class III Hindi Assignment

Answer Key

1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो-

जंगल में एक चिड़िया बरगद के पेड़ पर अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहती थी। एक दिन एक शिकारी उसके बच्चों को उठाने के लिए पेड़ पर चढ़ने लगा। चिड़िया ने शिकारी से कहा, "अभी यह बच्चे बहुत छोटे हैं, इन्हें मत पकड़ो।" शिकारी चिड़िया की बात पर ध्यान न देते हुए बच्चों को उठाकर पेड़ से उतरने लगा। बच्चों को रोते देख चिड़िया ने शिकारी से कहा, "तुम मेरे बच्चों को छोड़ दो, मैं तुम्हें बहुत बड़े खजाने का पता बताऊँगी। तुम अमीर हो जाओगे।" चिड़िया की बात से प्रसन्न होकर शिकारी ने बच्चे वापस घोंसले में रख दिए। चिड़िया ने कहा- 'कुछ समय पहले एक सेठ ने पेड़ के खोखल में धन छिपाकर रखा है। तुम उसे निकाल लो।' शिकारी ने खुशी से पेड़ के खोखल में हाथ डाला और उसे एक साँप ने डस लिया। लालची शिकारी मारा गया।

1. चिड़िया किस पेड़ पर रहती थी?
   पीपल के   बरगद के ✓   नीम के
2. चिड़िया ने शिकारी से कहा कि अभी यह बच्चे-
   बड़े हैं   बैठे हैं   छोटे हैं ✓
3. अनुस्वार वाला शब्द चुनो-
   जंगल✓   साँप   पेड़
4. 'तुम इसे निकालो लो।' इस वाक्य में 'तुम' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है?
   चिड़िया के लिए   शिकारी के लिए ✓   बच्चों के लिए
5. इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?
   लालच बुरी बला है। ✓   एकता में शक्ति होती है।   मेहनत का फल मीठा होता है

2) सही विकल्प चुनो-

1. '!' यह कौन सा विराम चिहन है?
   अल्प विराम   पूर्ण विराम   विस्मयादिबोधक✓

2. हिंदी भाषा की लिपि ___________ है।

देवनागरी ✓ गुरुमुखी फारसी

3. 'बेटा' शब्द के पर्यायवाची शब्द चुनो-

पुत्र,सुत ✓ पुत्री सुता लड़की, शिशु

4. माँ मेरा ध्यान रखती है -इस वाक्य में ___________ सर्वनाम शब्द है।

ध्यान मेरा ✓ माँ

5. जो किसी से ना डरे उसे _____________ कहते हैं।

लालची डरपोक निडर✓

3) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिहन लगाओ-

1. पेड़ पर बंदर, गिलहरी और कोयल बैठे हैं।
2. छिः! कितनी बदबू आ रही है।
3. तुम्हारे पास कितने रुपए हैं?

4) सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो-

1.उसका/मेरा भाई बीमार है।

2. नेहा अपनी नानी के घर जा रही है।

5) निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखो-

1. मित्र -सखा, दोस्त
2. सूर्य -सूरज, रवि

5) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर खाली स्थान भरो-

1. रवि जूते सिलता है। वह एक मोची है।
2. मोहन के पिताजी मंदिर में पूजा करते हैं। वह एक पुजारी हैं।

6) नीचे दिए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखो

1. मीठाइ - मिठाई 2. क्योंकी- क्योंकि

7) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1. साल का सबसे छोटा महीना कौन- सा है? फरवरी

2. गाँधी जयंती कौन- से महीने में मनाई जाती है? अक्तूबर